www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-171 सागवाड़ा, गुरुवार, 24 फरवरी, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## 12 वीं कक्षा के छात्र ने पेड़ से फांसी लगाकर की आत्महत्या

### घर से 300 फीट दूर पेड़ से लटका मिला शव, पुलिस कर रही मामले की जांच

**सीमलवाड़ा।** जिले के चौरासी थाना क्षेत्र के मांडली उपली गांव में एक छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक 12 कक्षा का छात्र था। जिसका शव घर से 300 फीट दूर पेड़ पर लटका हुआ मिला है। कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है पुलिस मामले की जांच कर रही है। बॉडी-डूंगरपुर जिले के चौरासी थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया की थाना क्षेत्र के मांडेला उपली निवासी 18 वर्षीय अंकित माधवलाल खराड़ी गाँव की ही स्कूल में 12 वी कक्षा का छात्र है। अंकित के पिता गुजरात में मजदूरी करते है वही घर पर उसकी माँ व बड़ा भाई साथ रहते है।

आज अलसुबह करीब 5 बजे अंकित खराड़ी शौच के लिए घर से निकला था। वापस घर नहीं लौटा। वही जब गाँव के लोग अपने खेतो में जा रहे थे इस दौरान गाँव के लोगो ने अंकित के घर से करीब 300 फीट दुरी पर अंकित का शव पेड़ से लटका हुआ देखा। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने अंकित के घरवालो को दी।

सुचना पर अंकित की माँ व भाई मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को पेड़ से नीचे उतारा और देखा की अंकित की मौत हो चुकी थी। वही इसके बाद परिजनों ने मामले की सुचना चौरासी थाना पुलिस को दी। सुचना पर चौरासी थाने से एएसआई बालकृष्ण पाटीदार जाब्ता लेकर मौके पर पहुंचे और परिजनों से मामले की जानकारी ली। वही इसके बाद पुलिस ने शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुँचाया। जहा पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौपा।

फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने मृतक के बड़े भाई बाबूलाल की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शहरी क्षेत्र में सड़कों के नवीनीकरण का काम शुरू

### सागवाड़ा की 13 सड़कों का सुदृढ़ीकरण होगा



**सागवाड़ा।**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सागवाड़ा शहर में बारिश के बाद टूटी सड़कों को मरम्मत करने के लिए 4 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया है। शहरु क्षेत्र में सड़क सुदृढ़ीकरण का काम गुरुवार से शुरु किया गया। सार्वजनिक निर्माण विभाग सागवाड़ा की एईएन शिल्पा पाटीदार ने बताया कि सागवाड़ा नगर पालिका क्षेत्र में 13 सड़कों की मरम्मत के लिए 4 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत हुआ है।सागवाड़ा नगर पालिका क्षेत्र में भी 4 करोड़ की लागत से 13 सड़कों का सुदृढ़ीकरण होगा। जिसके तहत गुरुवार को पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया, पालिका उपाध्यक्ष राजुमामा, पार्षद विमल कलासुआ, जेईएन लोकेश पाटीदार की मौजूदगी में मंगलम विहार वाया स्वर्गीय श्री भीखाभाई भील के मकान तक सीसी सड़क और नाली निर्माणका काम शुरू किया गया।

### शहर की इन सड़कों का होगा नवीनीकरण

* वार्ड नंबर 1 में आसपुर मुख्य सड़क पर देवीलाल रोत के मकान से दिलीप रोत के मकान तक सीसी सड़क
* वार्ड नंबर 2 मे राजकीय प्राथमिक स्कूल से शब्बीर भाई बर्तनवाला के मकान तक सीसी सड़क और नाली निर्माण
* हरियाला तालालवड़ी से शमशान घाट तक सीसी सड़क
* पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय संपर्क सड़क और स्टाफ क्वाटर की डामर सड़क का
* वार्ड नंबर 2 मे आनंद भोई के मकान के पास से मनु भाई कोटेड के मकान तक सीसी सड़क और नाली निर्माण
* मंगलम विहार वाया स्वर्गीय श्री भीखाभाई भील के मकान तक सीसी सड़क और नाली निर्माण
* गामठवाड़ा से यादव बस्ती की 3 गलियो एंव पुराना स्प्रिंडल रोड तक सीसी सड़क और नाली निर्माण
* वार्ड नंबर 20 कूड़ारवाड़ा मे शशिकांत के मकान से अरविंद गांधी के मकान तक सीसी सड़क और नाली निर्माण
* वार्ड नंबर 9 मरियम आपा के मकान से मुख्तियार भाई के मकान तक एंव आशा घांची के मकान से मेन रोड तक सीसी सड़क और नाली निर्माण
* वार्ड नंबर 35 में (गामड़ा चारणिया ) रोशन के मकान तक सीसी सड़क का निर्माण
* वार्ड नंबर 35 में गामड़ा चारणिया सड़क से स्कूल तक वाया टावर सीसी सड़क का निर्माण
* वार्ड नंबर 35 में खिरण तालाब से शमशान घाट से मुख्म सड़क से सीसी सड़क और पुल निर्माणघटा भाई के घर तत
* वार्ड नंबर 25 में सीसी सड़क मय नाली निर्माण

## पादरा में जरावस्था योजना लघु शिविर का आयोजन अंतर्गत आज लगेगा आयुर्वेद शिविर

**सागवाड़ा।** क्षेत्र के पादरा गांव में राजकीय आयुर्वेद औषधालय सागवाड़ा की ओर से शुक्रवार को जरावस्था योजना लघु शिविर का आयोजन होगा। आयुर्वेद के उपनिदेशक डॉ प्रदीप उपाध्याय, सहायक निदेशक विजय जोशी के निर्देशन पर ब्लॉक चिकित्सक डॉ ललित स्वर्णकार और पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ ज्योति बाला डामोर के सानिध्य में पादरा गांव में 60 वर्ष से ऊपर के रोगियों की संपूर्ण जांच कर मौके पर चिकित्सा एवं दवाई भी उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर के दौरान कंपाउंडर अर्जुन लाल गरासिया, रमेश चंद्र खांट, गोविंद रोत और गणपत रोत भी सहायक के रूप में सेवाएं देंगे। सहायक निदेशक डॉ विजय जोशी ने बताया कि 25 फरवरी को पादरा, 11 मार्च को घोटाद और 25 मार्च को बरबादनिया में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जरावस्था योजना लघु शिविर का आयोजन होगा। जिसमें 60 वर्ष से ऊपर के रोगियों की जांच निशुल्क जांच की जाएगी जिसके लिए रोगी को अपना आधार कार्ड की फोटो प्रति साथ में लानी होगी।

## बिजली बिल बकाया होने पर 90 घरों से विद्युत कनेक्शन काटे

**सीमलवाड़ा।**

बिजली बिल वसूली को लेकर विद्युत निगम के कर्मचारी एक्शन मोड़ पर है। सरथुना, झलाब, गंधवा, चारवाड़ा, शेकारी समेत गांवों में गुरुवार को विद्युत कार्मिक बिजली बिल वसूली को लेकर सघन अभियान में रहे। धंबोला विद्युत सब डिवीजन क्षेत्र में बिजली बिल लगभग सवा करोड़ बकाया चल रहा है। सहायक अभियंता हर्षद पंचाल ने बताया कि फरवरी माह में वसूली लक्ष्य हासिल करने कि कार्यवाही के दौरान धम्बोला उपखंड में गुरुवार को 5 हजार रुपये से अधिक बकायदारों के 90 उपभोक्ताओं के मीटर व लाइन हटवा लिए गए। धम्बोला उपखंड के समस्त कर्मचारियों को 28 फरवरी से पूर्व समस्त बकाया राशि के कनेक्शनों को काटने व मीटर हटाने के आदेश दिए गये है।

मार्च माह तक शत प्रतिशत बकाया बिल वसूली को लेकर लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसको लेकर समस्त कार्मिकों को लक्ष्य दिया गया है। वसूली अभियान में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों को नोटिस भी जारी करने के आदेश जारी किए गए हैं।

## कर्नाटक में बजरंगदल के कार्यकर्ता की हत्या पर डूंगरपुर बजरंग दल व विहिप में आक्रोश

### कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन, एडीएम को दिया राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

**डूंगरपुर।** जिले के हिंदूवादी संगठन बजरंग दल व विश्व हिन्दू परिषद ने कर्नाटक में बजरंग दल के कार्यकर्ता की हत्या का आक्रोश जताया है। घटना के विरोध में डूंगरपुर बजरंग दल ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया वही एडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दकर आरोपी की गिरफ्तारी व परिवार को मुआवजे की मांग की है। कर्नाटक में बजरंगदल के कार्यकर्ता की हत्या के विरोध में बजरंग दल के विभाग संयोजक भीमराज मीणा के नेतृत्व में बजरंग दल व विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता आज कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए। इस दौरान घटना के विरोध में बजरंग दल व विश्व हिन्दू परिषद ने प्रदर्शन किया। इस मौके पर बजरंग दल के विभाग संयोजक भीमराज मीणा ने कहा की कर्नाटक राज्य के शिवमोग्गा में रविवार की रात को विहिप युवा इकाई बजरंग दल के कार्यकर्ता हर्ष की कुछ लोगो ने हत्या कर दी थी। इधर हत्या के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया की वही इससे पहले भी देश के कई अन्य राज्यों में भी हिन्दूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओ की इस तरह से हत्या हुई है। आये दिन हिन्दूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओ की हो रही हत्या की घटनाओं को लेकर बजरंग दल व विश्व हिन्दू परिषद में आक्रोश है। इधर प्रदर्शन के बाद विहिप व बजरंग दल ने एडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी, मृतक के परिजनों को एक करोड़ रुपए मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, पीएफआई जैसे इस्लामिक संगठनों को सम्पूर्ण भारत में बेन करने और देशभर में लगातार हो रही हिन्दू साधू-संतो व हिन्दूवादी नेताओं व कार्यकर्ताओ की हत्या को ध्यान में रखते हुए देश के समस्त जनपदों में हिन्दू साधू-संतो व हिन्दूवादी नेताओं की सम्पूर्ण सुरक्षा के लिए एडवाइजरी जारी करने की मांग की है। इस मौके पर बजरंग दल जिला संयोजक जयंती मीणा,विहिप जिला अध्यक्ष प्रकाश भट्ट , विहिप के गौ रक्षा प्रमुख देवी सिंह भेखरेड, विहिप के गौ रक्षा जिला संयोजक स्नेहा शर्मा मौजूद रही।

## विधानसभा बजट सत्र
## काली दुल्हन पर हंगामा

### बजट पर 16 घंटे तक चलेगी बहस, 3 मार्च को CM गहलोत देंगे जवाब, तीन विधेयक भी पेश

**जयपुर।** बजट पर गुरुवार को विधानसभा में बहस शुरू हो गई है। बहस चार दिन 25 फरवरी, 2 और 3 मार्च को होगी। फिर 3 मार्च को ही सीएम का बहस पर जवाब आएगा। वहीं, विधानसभा स्पीकर ने बजट पर बहस के लिए समय का आवंटन कर दिया है। कांग्रेस को 8 घंटे 36 मिनट, भाजपा को 5 घंटे 41 मिनट का समय मिला। आरएलडी को 15 मिनट, सीपीएम को 10 मिनट, बीटीपी और आरएलपी को 10—10 मिनट जबकि निर्दलीयों को 1 घंटे 3 मिनट का समय दिया गया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया के बजट की तुलना काली दुल्हन से करने के बयान से



विधानसभा में हंगामा हो गया। शुरुआत महिला बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने की। गुरुवार को शून्यकाल के कामकाज की व्यवस्था देकर जैसे ही स्पीकर बैठे, महिला बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने सतीश पूनिया के बयान का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि आमेर विधायक ने बजट की तुलना काली दुल्हन से की, महिलाओं को पेश करने जैसी शब्दावली से संबोधित कर अपमान किया है, उन्हें माफी मांगनी चाहिए। मंत्री का सत्तापक्ष के विधायकों ने साथ दिया तो भाजपा विधायकों ने भी विरोध शुरू कर दिया। सदन में करीब ढाई मिनट तक हंगामा होता रहा। स्पीकर के बीच बचाव के बाद भी हंगामा जारी रहा। हंगामे के कारण स्पीकर सीपी जोशी से विधानसभा की कार्यवाही को आधे घंटे स्थगित कर दिया। करीब आधे घंटे तक ठप रहने के बाद कार्यवाही फिर शुरू हुई तो संसदीय कार्यमंत्री शांति धारीवाल ने काली दुल्हन के मुद्दे पर आधे घंटे की चर्चा कराने की मांग की। इसे स्पीकर सीपी जोशी ने खारिज कर दिया। धारीवाल का कहना था, हम महिलाओं को आगे रखते हैं, महिला के नाम पर पट्टे देते हैं, महिलाओं के सम्मान की बात करते हैं। इस तरह का बयान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष दे तो, वह निंदनीय है।

## हाईकोर्ट ने कहा- रीट पेपर लीक में रसूखदारों का इनवॉल्वमेंट

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने रीट पेपर लीक मामले में CBI जांच से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने यह माना कि इस स्कैम में रसूखदार लोगों का इनवॉल्वमेंट है, इसलिए SOG को हाईकोर्ट की निगरानी में जांच करने के आदेश दिए हैं। चीफ जस्टिस अकील कुरैशी और जस्टिस सुदेश बंसल की डिविजनल बेंच ने ABVP की जनहित याचिका पर सुनवाई करते कोर्ट रूम में मौजूद SOG के अफसरों को 4 हफ्ते में जांच की प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा। साथ ही चेताया कि अगर कोर्ट जांच रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं होगा, तो स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (SIT) का गठन किया जाएगा। कोर्ट ने मौजूदा परिस्थितियों में सीबीआई जांच की जरूरत नहीं मानी है। कोर्ट ने SOG की जांच पर ही प्रथम दृष्टया संतुष्टि जताते हुए कहा मौजूदा परिस्थितियों में CBI जांच और उसकी दखल की जरूरत नहीं है। हाईकोर्ट ने रीट अभ्यर्थी मधु नागर और भागचंद शर्मा की याचिकाओं को भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के इसी केस के साथ अटैच कर दिया है। इन याचिकाओं पर भी कोर्ट एक साथ सुनवाई करेगा। 4 सप्ताह बाद 6 अप्रैल को मामले की अगली सुनवाई होगी। एबीवीपी की ओर से कोर्ट में पैरवी करने वाले एडवोकेट आयुष मल्ल ने बताया कि कोर्ट ने स्कैम में रसूखदार लोगों का इनवॉल्वमेंट मानते हुए पूरी इन्वेस्टिगेशन को अपने अंडर में सुपरवाइज करने के आदेश दिए हैं। एबीवीपी की ओर से कोर्ट में पैरवी करने वाले एडवोकेट आयुष मल्ल ने बताया कि कोर्ट ने स्कैम में रसूखदार लोगों का इनवॉल्वमेंट मानते हुए पूरी इन्वेस्टिगेशन को अपने अंडर में सुपरवाइज करने के आदेश दिए हैं। एबीवीपी की ओर से कोर्ट में पैरवी करने वाले एडवोकेट आयुष मल्ल ने दैनिक भास्कर को बताया कि रीट में धांधली की सीबीआई की जांच की मांग वाली जनहित याचिका पर 2 घंटे तक सुनवाई चली।

कोर्ट ने स्कैम में रसूखदार लोगों का इनवॉल्वमेंट मानते हुए पूरी इन्वेस्टिगेशन को अपने अंडर में सुपरवाइज करने के आदेश दिए हैं। डिविजन बेंच में सुप्रीम कोर्ट की CBI संबंधी रूलिंग्स पेश की गई।

## 26 को राज्य सरकार का आभार जतायेगा सागवाड़ा

### शहर के प्रबुद्धजनों की हुई बैठक में जिला कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश खोडनिया के सम्मान और भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन का निर्णय लिया

**सागवाड़ा।** राज्य सरकार की ओर सागवाड़ा शहर को दी गई सौगातों को लेकर कांग्रेस सरकार का 26 फरवरी को आभार प्रकट किया जाएगा। इसे लेकर नगर पालिका में पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया, उपाध्यक्ष राजु मामा, ध्यानीलाल कंसारा की मौजूदगी में बैठक हुई। सर्व समाज तथा वरिष्ठ नागरिकों की मौजूदगी में शनिवार को आयोजित अभिनंदन एवं सम्मान कार्यक्रम की तैयारी के लिए रूपरेखा बनाई गई। बजट घोषणा में सागवाडा नगर को प्रदान की गई सौग़ातों को लेकर नगर पालिका जिला कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश खोडनिया के सम्मान और भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया जाएगा। सर्व समाज की ओर से दिनेश खोडनिया का नागरिक अभिनंदन भी किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता एवं पार्षद प्रदीप जोशी ने बताया कि जयपुर



से यहां पहुंचने पर सबसे पहले मडकोला हनुमान मंदिर के पास भव्य स्वागत किया जाएगा तथा उसके बाद पुनर्वास कॉलोनी के द्वारा उनका स्वागत कर आभार व्यक्त किया जाएगा। इस अवसर पर जगह जगह सर्व समाज, कर्मचारी तथा व्यापारिक संगठनों द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि बरसों पुरानी कडाणा की भूमि को नगर पालिका को मिलने से नगरवासियो में काफी उत्साह है और नगरीय विकास के लिए एक बहुत बड़ा योगदान का काम हुआ है। 76 बीघा जमीन पालिका को मिलने से सागवाड़ा शहर को लाभ होगा। स्व. भीखा भाई भील के नाम से 20 करोड़ रुपये दिये है। जिसके तहत शहर में अत्याधुनिक टाउनहॉल का निर्माण किया जाएगा। साथ ही शहर में डेनेज और अन्य आधारभूत कार्यों के लिए भी राशि दी गई है।

इसके अलावा 15 किमी. डामर सडकों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। बैठक में नानू मकवाणा, प्रभु वाडेल, नानू मोड पटेल, अरविंद कंसारा, दिनेश शर्मा, अशोक शर्मा, वेलचंद पाटीदार, कमलेश मोची, हरीश गुप्ता, धर्मेंद्र जैन, सुभाष भट्ट, सुभाष कोठारी, अतुल सारगिया चन्द्रशेखर संघवी, प्रधुमन सारगिया, सुभाष कोठारी अश्वनी बोबडा जीवनकाल पाटीदार सहित पार्षद और शहर के प्रबुद्धजन मौजूद थे।